प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 18.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)

राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और वैश्विक तकनीकी कंपनी एचसीएल टेक की सहयोगी इकाई एचसीएल टीएसएस के बीच अब से थोड़ी देर बाद एमओयू पर हस्ताक्षर किये जायेंगे। इससे राज्य के युवाओं के लिए सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भविष्य बनाने का अवसर मिलेगा। यह एमओयू प्रोजेक्ट भवन में होगा। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन भी शामिल होंगे। पूर्व में भी हेमंत सरकार और एचसीएल के बीच एमओयू हुआ था। प्रशिक्षण के बाद 300 से अधिक युवाओं को एचसीएल में नौकरी मिली है। कई युवाओं को मुख्यमंत्री ऑफर लेटर भी सौंपेंगे।

**********************

केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह आज शाम दो दिवसीय दौरे पर रांची आयेंगे। श्री सिंह आज कुछ स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद राजकीय अतिथिशाला में रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद वे कल रांची स्थित सेंट्रल तसर एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के 61वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**********************

साइप्रस और कनाडा की यात्रा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दोपहर बाद क्रोएशिया की राजधानी ज़गरेब पहुंचने वाले हैं। प्रधानमंत्री की इस ऐतिहासिक क्रोएशिया यात्रा के दौरान भारत और मध्य एवं दक्षिण पूर्वी यूरोप के इस देश के बीच उच्च–स्तरीय वार्ता होगी। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली क्रोएशिया यात्रा है।

**********************

राज्य के 108 एम्बुलेंस कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं। गिरिडीह में आंदोलन कर रहे एम्बुलेंस चालकों ने बताया कि उन्हें अब तक आउटसोर्सिंग कंपनी की ओर से न तो नियुक्ति पत्र दिये गये हैं और ना ही वेतन में बढ़ोतरी ही की गई है। एम्बुलेंसकर्मियों की हड़ताल की वजह से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित हुई है।

**********************

पलामू के जोनल आईजी सुनील भास्कर ने कल शाम मेदिनीनगर सर्किट हाउस में झारखंड–बिहार के सीनियर अधिकारियों के साथ अपराध और नक्सल को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में नक्सलियों के खिलाफ इंटर स्टेट अभियान और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। बचे हुए नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए इंटर स्टेट और इंटर डिस्ट्रिक्ट स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया गया।

**********************

पाकुड़ जिले में स्थित पुलिस केंद्र के सभागार में आज उन्हत्तरवीं क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट की शुरूआत हुई। तीन दिवसीय पुलिस ड्यूटी मीट का उदघाटन संथाल परगना प्रक्षेत्र दुमका के पुलिस उप महानिरीक्षक अंबर लकड़ा पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी उपायुक्त मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से किया। पुलिस मीट में प्रमंडल के सभी छह जिलों पाकुड़, दुमका,साहिबगंज,जामताड़ा ,गोड्डा एवं देवघर के पुलिस निरीक्षक इव अवर निरीक्षक स्तर के पदाधिकारियों ने बतौर प्रतिभागी हिस्सा लिया।कुल 12 टीमों में शामिल पुलिस पदाधिकारियों को ड्यूटी के दौरान आने वाली चुनौतियों का सक्षम तरीके से निर्वहन करने की तकनीक सिखाई जा रही है।

**********************

हजारीबाग जिले में मनरेगा के तहत पशु शेड निर्माण और बिरसा सिंचाई कूप निर्माण योजनाओं में सरकारी राशि का गबन करने के मामले में विष्णुगढ़ के प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने अलपिटो पंचायत के मुखिया व अन्य लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। इन लोगों पर अवैध तरीके से मृत व्यक्तियों के नाम पर सरकारी राशि निकालने और फर्जी जॉब कार्ड बनाने का आरोप है।

**********************

राज्य में मानसून का असर दिखने लगा है। राजधानी रांची समेत कई हिस्सों में तेज बारिश का सिलसिला जारी है। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। सरायकेला–खरसांवा और धनबाद समेत कई जिलों में कक्षा आठवीं तक के स्कूल बंद कर दिये गये हैं।

*******समाप्त*********